an>

Title: Regarding need to repair National Highway-75 lying in a dilapidated condition.

श्रीमती रीती पाठक (सीधी) : अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे शून्य काल में बोलने के लिए मौका दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं। मैं मध्यप्रदेश के सीधी संसदीय क्षेत्र से निर्वाचित हो कर आई हूं। मेरा संसदीय क्षेत्र क्षेत्रफल की दृष्टि से काफी बृहद है। वहां पर राष्ट्रीय राजमार्ग -75 का उपयोग किया जाता है। आज उस मार्ग की स्थिति बहुत खराब हो गई है। इस राजमार्ग का उपयोग करने के कारण हमारी क्षेत्र की जनता को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग पर कई दुघर्टनाएं हो रही हैं। इसलिए आपके माध्यम से सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री जी से मैं यह निवदेन करना चाहती हूं कि वरियता के आधार पर इस राजमार्ग का निर्माण कराने की कोशिश करें। धन्यवाद।